दिनांक 10 फरवरी 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा करने निर्माण एवं विकास कार्यों की हुई बैठक, लोक निर्माण प्रभारी एकांश बंछोर रहे मौजूद

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों के विषय में सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिसमे विभागीय सलाहकार समिति के प्रभारी एकांश बंछोर मौजूद रहे। समय 11:30 बजे से आहूत की गई बैठक में निर्माण कार्यों की बारी-बारी से जानकारी ली गई , निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने कहा गया। ऐसे कार्य जो आवश्यक है और किन्ही परिस्थिति के कारण प्रारंभ नहीं हो पाए हैं उन्हें शीघ्र प्रारंभ करने बैठक में कहा गया। अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने , शासन स्तर से निगम भिलाई के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत हुए निर्माण कार्यों को प्रक्रिया मे लाकर निर्माण कार्य प्रारंभ करने। छोटे-बड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों मे प्रगति लाने प्रभारी ने कहा तथा ऐसे छोटे छोटे कार्य जिन्हें निर्धारित अवधि में किए जा सकते हैं शीघ्र पूर्ण कराने कहा गया है। इसके साथ ही अधूरे कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराने सलाहकार समिति की बैठक में चर्चा हुई। बीएसपी से एनओसी वाले प्रकरणों की सूची अनुसार, इन कार्यो की भी समीक्षा की गई। बैठक में पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग के सलाहकार समिति के सदस्य सेवन कुमार , योगेश साहू, इंजीनियर सलमान, नोमिन साहू, अभय कुमार सोनी, सुरेश कुमार वर्मा अधिकारियों में जोन आयुक्त येशा लहरे एवं प्रीति सिंह , कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा आदि मौजूद रहे।